POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 02.12.2024

थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **02.12.2024** को **थाना सेक्टर-63** नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलीजेंस एवं बीट पुलिसिंग की सहायता से गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त पकंज कुमार पुत्र कौशल प्रसाद को अभियुक्त के वर्तमान निवास स्थान से **गिरफ्तार** किया गया है।

अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा अपने सह अभियुक्तों के साथ मिलकर फर्जी कॉल सेन्टर के माध्यम से लोगो के मोबाइल नंबर पर फर्जी अप्रूवल लेटर तैयार कर उनके व्हाट्सएप नंबर पर भेजकर उन्हे धनी फाइनेन्स, रिलायन्स फाइनेन्स से लोन दिलवाने एवं एचपी गैस एजेन्सी दिलाने के नाम पर विज्ञापन भेजकर प्रोसेसिंग फीस व हेल्थ इन्श्योरेंस के नाम पर ठगी की जाती थी। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना सेक्टर-63 नोएडा पर मु0अ0सं0 188/23 धारा 420/406/467/468/471 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त पंकज कुमार को दिनांक 26.04.2023 को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया था। अभियुक्त के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 125/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्त का विवरण--

1. पकंज कुमार पुत्र कौशल प्रसाद निवासी औयाव थाना अस्थाना, जिला नालन्दा, बिहार वर्तमान पता चोटपुर कॉलोनी थाना सेक्टर-63, नोएडा (उम्र 23 वर्ष)।

आपराधिक इतिहास का विवरण--

1- मु0अ0सं0 125/24 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना सेक्टर-63 नोएडा।

2- मु0अ0सं0 188/23 धारा 420/406/467/468/471 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट थाना सेक्टर-63, नोएडा।